# COLLEGE OF AGRICULTURE – NAVGAON

*(Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner)*

**कृषि महाविद्यालय नौगांवा, जिला अलवर (राज.) – 301025**

**Dr. Suman Khandelwal**
**DEAN**

**Email: dean.coanavgaon@sknau.ac.inM: 94147 74474**


No.F. ( )/COAN/Store/2026/643 Date: 27/11/2026

## खुली निविदा सूचना

कृषि महाविद्यालय, नौगांवा के छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण पर जाने हेतु दो डीलक्स कोच बस पुश बैक सीट वाली किराये हेतु आवश्यकता है। अतः इच्छुक पंजीकृत ट्रेवल एजेंसियों/बस मालिकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदाएं दिनांक 05.12.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। कार्यक्रम के विस्तृत विवरण एवं निविदा प्रपत्र मय आवश्यक शर्तों हेतु वेबसाइट www.sknau.ac.in एवं sppp.rajasthan.gov.in पर देखें।

| भ्रमण के प्रस्तावित दिन | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र शुल्क नकद या DD/BC | बोली प्रतिभूति राशि 2% DD/BC | धरोहर राशि 5% DD/BC | निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 से 13 दिन | रु. 4 लाख | रु. 500.00 | रु. 8,000 | रु. 20,000 | 05.12.2026 प्रातः 11.00 बजे तक | 05.12.2026 दोपहर 12.30 बजे |

भ्रमण के स्थान: कृषि महाविद्यालय, नौगांवा से विभिन्न राज्यों (संभावित राज्य – राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड एवं अन्य) के कृषि संस्थानों से होते हुए वापस नौगांवा।

संलग्न – निविदा फार्म

NIB Code: SKN2627A0291
UBN: SKN2627SS01300327

27/11/26
अधिष्ठाता

**प्रतिलिपि :-**

1. श्रीमान वित्त-नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त निविदा खोलने के लिये आप स्वयं या अपने प्रतिनिधि को महाविद्यालय में दिनांक 05.12.2026 को भिजवाने का श्रम करें।
2. संयोजक/सदस्य निविदा समिति।
3. प्रभारी सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
4. सूचना पट्ट, कृषि महाविद्यालय, नौगांवा।

27/11/26
अधिष्ठाता

(लिफाफा नं. 1 में रखना है)

**तकनीकी निविदा फार्म**

कृषि महाविद्यालय, नौगांवा के छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक भ्रमण पर जाने हेतु किराये पर दो डीलक्स कोच बस पुश बैक सीट वाली उपलब्ध करवाने हेतु

1. इच्छुक ट्रेवल एजेंसी/बस मालिक का नाम .....

मय पूर्ण पता एवं फोन नं. मय भेजी जाने वाली .....

बसों के नम्बर तथा फोटो .....

2. चाहे गये वाहन के प्रकार की दरें प्रति किलोमीटर: -

| क्र. सं. | वाहन का प्रकार |
|---|---|
| 1. | 42 सीटर, बस (2 x 2) पुश बैक |
| 2. | 28 सीटर, बस (2 x 2) पुश बैक |

3. बोली प्रतिभूति राशि के लिए राशि रु. 8000.00 का DD/BC Dean, College of Agriculture, Navgaon (Alwar) के नाम प्रस्तुत करना होगा। (प्रतिभूति घोषणा के अभाव में निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी)
4. सफल निविदा दाता Dean, College of Agriculture, Navgaon (Alwar) के नाम से सुरक्षा राशि 5%, रु. 20000.00 का DD/BC जमा करवायें।
5. यात्रा की संभावित अवधि 10 से 13 दिन की रहेगी। बसें कृषि महाविद्यालय, नौगांवा से विभिन्न राज्यों के कृषि संस्थानों से होते हुए वापस नौगांवा आएंगी।
6. निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 500.00 नकद या DD/BC, Dean, College of Agriculture, Navgaon (Alwar) के पक्ष में जमा करवायें।

**आवश्यक शर्तें :-**

1. निविदादाता को दो लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय बिड) में निविदा प्रस्तुत करनी होगी। निविदादाता तकनीकी दस्तावेज लिफाफा नं. 1 में प्रस्तुत करे तथा लिफाफे के ऊपर तकनीकी बिड लिखे। दूसरे लिफाफे (लिफाफा नं. 2) में निविदादाता प्रपत्र 'ब' में अपनी दरें प्रस्तुत करे तथा लिफाफे के ऊपर वित्तीय बिड लिखे। दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में बंद कर कार्यालय में प्रस्तुत किया जावे। अगर निविदादाता तकनीकी बिड के लिफाफे में वित्तीय बिड जमा करता है, तो उक्त निविदा को बिना तकनीकी मूल्यांकन किए निरस्त किया जाएगा।
2. किराया (यदि GST देय/लागू) की दरें प्रति किलोमीटर के हिसाब से (अन्य राज्यों के वास्तविक कर के अतिरिक्त) देय होगी, जिसमें डीजल, ऑयल, टोल टैक्स, स्टेट एंट्री फीस, नाइट चार्जेज, परमिट एवं अन्य कर/खर्च आदि बस मालिक द्वारा देय होगा।
3. गाड़ी का मेन्टेनेंस एवं चालक एवं परिचालक का खर्च बस मालिक द्वारा वहन किया जायेगा। किसी भी प्रकार की दुर्घटना या हादसा होने पर समस्त जिम्मेदारी बस मालिक की होगी ।
4. बस के समस्त कागजात पूर्ण होना अनिवार्य हैं। किसी भी परिस्थिति में कोई चालान होने पर जिम्मेदारी बस मालिक की होगी।
5. बस में बैठने हेतु सीटें आरामदायक होनी चाहिए तथा सामान (लगेज) हेतु पर्याप्त स्थान होना चाहिए।
6. सभी बस में म्यूजिक सिस्टम सही कंडीशन में और चालू स्थिति होना अनिवार्य है।
7. चालक एवं परिचालक का वर्दी में होना अनिवार्य है तथा इनका दैनिक खर्च बस मालिक स्वयं का होगा।

8. बसें आवश्यकता होने पर कृषि महाविद्यालय, नौगांवा में उपलब्ध करवानी होगी।

9. निविदाओं को निरस्त एवं स्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास होगा।

10. बस का मॉडल 5 वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिये, बस की कंडीशन अच्छी होनी चाहिये।

11. बसें सक्षम कमेटी की सिफारिश के बाद ही स्वीकृत या अस्वीकृत की जायेगी।

12. मार्ग में गाड़ी खराब होने पर दूसरी बस समय पर उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी बस मालिक की होगी अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

13. चालक को अपना ड्राइविंग लाइसेंस एवं बसों के सम्पूर्ण दस्तावेज यात्रा के साथ लेकर जाने होंगे।

14. बस चालक एवं परिचालक सदाचारी हो व किसी प्रकार का नशा न करता हो।

15. फर्म के नाम से खाता होना चाहिए।

16. यह दरें 31 मार्च, 2027 तक मान्य रहेगी। महाविद्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार इन दरों पर बसें अन्य शैक्षणिक भ्रमण हेतु किराये पर ले सकते हैं।

17. वाहन की लॉग बुक मेन्टेन करने की जिम्मेदारी फर्म की होगी।

18. अपरिहार्य कारणों से यदि कार्यक्रम में कोई परिवर्तन होता है तो उसके लिए पार्टी को अग्रिम सूचित कर दिया जायेगा लेकिन नये परिवर्तित कार्यक्रम को इन्हीं तय शर्तों से पूरा करना होगा।

19. निविदा दाता शैक्षणिक भ्रमण में अनुभव प्राप्त हों:-

i) फर्म के पास न्यूनतम 3 वर्ष का शैक्षणिक भ्रमण/यात्रा का अनुभव प्रमाण पत्र सरकारी कार्यालय द्वारा जारी होना चाहिए।

**20. निविदा फार्म के साथ निम्नांकित दस्तावेज अलग लिफाफे में संलग्न करने होंगे: -**

1. ट्रेवल एजेंसी की स्थिति में एजेंसी का लाइसेंस।
2. बस मालिक की स्थिति में बस की R.C. की फोटो कॉपी एवं बस की यात्रा सम्बन्धित विभाग से यात्रा अनुमति की प्रतिलिपि।
3. बसों की नवीनतम फोटो।
4. GST यदि देय/लागू है तो GST पंजीकरण प्रमाण पत्र तथा कर चुकता प्रमाण पत्र।
5. बसों के परमिट की छायाप्रति एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की प्रतियां।
6. बोली प्रतिभूति राशि रु. 16000 का DD/BC, College of Agriculture, Navgaon (Alwar) के नाम से जमा करवायें।
7. फर्म का न्यूनतम औसत तीन वर्ष का टर्नओवर प्रमाण पत्र CA द्वारा जारी किया गया निविदा राशि का 2.0 गुना होना चाहिए।
8. सफल निविदादाता को रू. 500/- के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर अनुबंध करना होगा।

मैंने/हमने निविदा की हिन्दी में लिखित सभी शर्तें पढ़ ली हैं/समझ ली हैं, जो कि मुझे/हमें पूर्णतः स्वीकार हैं।

दिनांक: .....  **हस्ताक्षर निविदाकर्ता मय पूर्ण पता एवं मोहर**

बैंक खाता सं. .....

IFSC कोड .....

शाखा नाम .....

मोबाइल नं. .....

(PAN) पैन नं. .....

Suman

(लिफाफा नं. 1 में रखना है)

प्रपत्र "अ"

## निविदादाता द्वारा घोषणा

मैं/हम घोषणा करता हूँ/ करते है, कि हमने जिन कार्यालय की जहाँ कही भी वाहन की आपूर्ति की है, उस आपूर्ति में विगत 3 वर्षों में आपूर्ति Sub-Standard होने के कारण हमें किसी सरकारी विभाग/उपक्रम/कम्पनी द्वारा ब्लैकलिस्ट नही किया गया है।

हम यह भी घोषणा करते है कि हमें किसी भी न्यायालय द्वारा सामान प्रदायगी में कोई वाद लम्बित नही हैं तथा इस विषयान्तर्गत हमें किसी भी न्यायालय द्वारा दण्डित नही किया गया है।

**निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर एवं दिनांक**

(लिफाफा नं. 1 में रखना है)

प्रपत्र "ब"

## Fall clause Certificate

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि हमने जिन वाहन की जहाँ कही भी आपूर्ति की है, उस आपूर्ति में प्रश्नगत निविदा के क्रम में अनुबंध अवधि में इस निविदा में प्रस्तुत दरों से कम दरों पर किसी भी विभाग, निगम, बोर्ड एवं अन्य स्वायत्तशासी संस्था आदि को वाहन की आपूर्ति की जाती है तो तदनुसार ही विश्वविद्यालय से भी उन्हीं दरों पर भुगतान प्राप्त करने के लिए सहमति प्रदान करता हूँ।

**हस्ताक्षर निविदादाता मय मोहर एवं दिनांक**

(लिफाफा नं. 1 में रखना है)

प्रपत्र "स"

## वित्तीय विवरण

| वित्तीय वर्ष | ऑडिटेड बैलेंस शीट के अनुसार टर्न ओवर (रू.) |
|---|---|
| वर्ष: **2023-24** | |
| वर्ष: **2024-25** | |
| वर्ष: **2025-26** | |
| योग | |
| औसत टर्न ओवर | |

UDIN.....

(प्रमाणित)
निविदादाता के हस्ताक्षर
मय मोहर व दिनांक

(लिफाफा नं. 1 में रखना है)

प्रपत्र "य"

**FORM NO.1**

**(See Rule 83)**

**Memorandum of Appeal under the Rajasthan Transparency in Public Procurement, Act 2012**

Appeal No.....of.....

Before the.....(First /Second Appellate Authority)

1. Particulars of appellant:

(i) Name of the appellant:

(ii) Official address, if any:

(iii) Residential address:

2. Name and address of the respondent(s):

(i)

(ii)

(iii)

3. Number and date of the order appealed against and name and designation of the officer/authority who passed the order (enclose copy), or a statement of a decision, action or omission of the Procuring Entity in contravention to the provisions of the Act by which the appellant is aggrieved:

4. If the Appellant proposes to be represented by a representative, the name and postal address of the representative:

5. Number of affidavits and documents enclosed with the appeal:

6.Ground of appeal:

.....

.....

.....(Supported by an affidavit)

7.Prayer:.....

.....

Appellant's signature:

Place:

Date:

(लिफाफा नं. 2 में रखना है)

**वित्तीय निविदा प्रपत्र**

| क्र. सं. | बस का प्रकार | किराया दरें प्रति किलोमीटर (रु) | GST यदि देय / लागू है तो (रु) | कुल (रु) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 42 सीटर | | | |
| 2. | 28 सीटर | | | |

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर एवं दिनांक

पूर्ण पता एवं मोबाईल नंबर